TAS/CIR/2026-27/023

# THE ADVENT SCHOOL

8th July 2026

## REGULAR FUNCTIONING OF SCHOOL DURING THE MONSOON SEASON

Dear Parents,
Greetings from TAS!

1. We sincerely appreciate your patience and cooperation during the recent period of rainfall and road-related challenges. The safety and well-being of our students have always been our foremost priority while taking any decision regarding the functioning of the school.
2. After reviewing the current situation and considering the valuable feedback received from parents, it has been decided that **The Advent School will continue to conduct regular physical classes during the monsoon season unless otherwise directed by the District Administration or any competent Government authority**. This decision has been taken **with a view to providing uninterrupted learning to our students** and ensuring continuity in their academic progress. Frequent disruptions to the school schedule adversely affect classroom learning, curriculum completion, and overall student development.
3. Parents are **requested to note** the following:
   - The school will remain open and classes will be conducted as per the regular school timings.
   - Parents are requested to use their own discretion while sending their ward to school, keeping in view the weather conditions and the safety of the route from their residence to the school.
   - In case a child is unable to attend school due to genuine weather-related difficulties or unavoidable circumstances, the absence will be considered sympathetically upon receiving an intimation from the parent.
   - Students attending school on such days will have regular academic classes, and every effort will be made to ensure that those who are absent due to genuine reasons are supported with the missed classroom work.
4. Any decision regarding closure of the school due to an extreme weather situation or any Government advisory will be communicated through the official school communication channels.

**We request all parents to ensure that children carry raincoats/ umbrellas, wear appropriate footwear, and travel safely.**
The school remains committed to maintaining continuity in academics while ensuring the safety and welfare of every child. We look forward to your continued support and cooperation.

Regards,

**Principal**

प्रिय अभिभावकगण,

नमस्कार!

हाल ही में हुई वर्षा एवं सड़कों से संबंधित चुनौतियों के दौरान आपके धैर्य एवं सहयोग के लिए हम आपके हृदय से आभारी हैं। विद्यालय के संचालन से संबंधित प्रत्येक निर्णय लेते समय विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

वर्तमान परिस्थितियों की समीक्षा तथा अभिभावकों से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों एवं प्रतिक्रियाओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने के उपरांत यह निर्णय लिया गया है कि द एडवेंट स्कूल में मानसून के दौरान नियमित ऑफ़लाइन (भौतिक) कक्षाएँ पूर्ववत संचालित की जाएँगी, जब तक कि जिला प्रशासन अथवा किसी सक्षम सरकारी प्राधिकारी द्वारा विद्यालय बंद रखने के संबंध में कोई निर्देश जारी न किया जाए। यह निर्णय विद्यार्थियों की शिक्षा को निर्बाध बनाए रखने तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति में निरंतरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। विद्यालय के कार्यदिवसों में बार-बार होने वाले व्यवधान से कक्षा शिक्षण, पाठ्यक्रम की समय पर पूर्णता तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

कृपया निम्नलिखित पर विशेष ध्यान दें:

- विद्यालय नियमित समयानुसार खुला रहेगा तथा सभी कक्षाएँ निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संचालित की जाएँगी।

- अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने निवास स्थान से विद्यालय तक के मार्ग की स्थिति एवं मौसम को ध्यान में रखते हुए अपने विवेक से अपने बच्चे को विद्यालय भेजने का निर्णय लें।

- यदि किसी वास्तविक मौसम संबंधी कठिनाई अथवा अपरिहार्य परिस्थिति के कारण आपका बच्चा विद्यालय नहीं आ पाता है, तो कृपया इसकी सूचना संबंधित कक्षा अध्यापक को अवश्य दें। ऐसी अनुपस्थिति को सहानुभूतिपूर्वक स्वीकार किया जाएगा।

- विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों की नियमित शैक्षणिक कक्षाएँ संचालित होंगी तथा वास्तविक कारणों से अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को छूटा हुआ कक्षा कार्य उपलब्ध कराने एवं उनकी शैक्षणिक सहायता करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

अत्यधिक प्रतिकूल मौसम अथवा सरकार/ जिला प्रशासन द्वारा जारी किसी भी निर्देश के कारण यदि विद्यालय बंद रखने का निर्णय लिया जाता है, तो इसकी सूचना विद्यालय के आधिकारिक संचार माध्यमों के द्वारा समय रहते अभिभावकों को प्रदान कर दी जाएगी।

अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों को वर्षा से बचाव हेतु रेनकोट/ छाता, उपयुक्त फुटवियर तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त कपड़ों/ मोज़ों के साथ विद्यालय भेजें तथा सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करें।

द एडवेंट स्कूल विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनकी शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। हमें आपके निरंतर सहयोग एवं विश्वास की अपेक्षा है।

धन्यवाद